'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स' का आयोजन

नई दिल्ली। वैश्विक साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता क्विक हील ने अपनी सीएसआर पहल के माध्यम से 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स' का आयोजन किया। इस पुरस्कार समारोह में उन शिक्षण संस्थाओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों के उल्लेखनीय योगदान पर आभार प्रकट किया गया, जिन्होंने स्वेच्छा से समाज के उपेक्षित लोगों के बीच साइबर सुरक्षा पर जागरूकता फैलाई। यह पुरस्कार क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन अनुपमा काटकर और भाग लेने वाले 4 संस्थानों के शिक्षकों की उपस्थिति में दिये गये। पुरस्कार समारोह का आयोजन वालिया कॉलेज में किया गया। स्वेच्छा से भाग लेने वाले संस्थाओं में अलमुरि रतनमाला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आसनगांव, केआइएचईएस का महाराष्ट्र कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, वीपीएम का बीएन बंडोडकर कॉलेज ऑफ सांइस, ठाणे और वालिया सीएल कॉलेज ऑफ कॉमर्सएवं एलसी वालिया कॉलेज ऑफ आर्ट्स शामिल थे। इस समारोह में स्वेच्छा से भाग लेने वाले संस्थानों के 100 से अधिक स्टूडेंट्स ने शिरकत की।